to (c) The information is being collected from the State Governments of Kerala, Maharashtra, Karnataka and Tamil Nadu and will be laid on the Table of the House.

मध्य प्रदेश द्वारा हाई-प्रेशर डीप ड्रिलिंग काम्बीनेशन रिग को खरीद करने के लिए धनराशि की मांग

7946. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के पठारी क्षेत्रों में अधिक गहराई तक खनन करने तथा धसकने वाली तह में नलकूप खोदने के लिए हाई प्रशर डीप ड्रिलिंग काम्बीनेशन रिग तथा हाइड्रोफिकेटिंग मशीनें खरीदने हेतु धनराशि की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को अब तक स्वीकृति न देने के क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने दिनांक 21-12-1994 को छः काम्बिनेशन ड्रिलिंग रिग तथा दो हाईड्रोफैक्चरिंग मशीनें खरीदने के लिए मंजूरी दी है ।

मध्य प्रदेश में वन-भूमि में कमी

7947. **श्री गोपाल सिंह ओ० सोलंकी** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वन-क्षेत्र में कितनी कमी हुई है ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई उचित कदम उठाये हैं ;

(ग) उपर्युक्त क्षेत्र में से ऐसे क्षेत्र का जिला-वार ब्यौरा क्या है जहां वृक्षारोपण, पुनः वृक्षारोपण तथा पारिस्थितिक विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्ष लगाए गए हैं ; और

(घ) क्या सरकार ने राज्य सरकार को इस संबंध में उचित निदेश दिए हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा 1987-89 एवं 1989-91 की मूल्यांकन अवधि के संबंध में क्रमशः 1991 व 1993 में प्रकाशित वन स्थिति रिपोर्टों के आधार पर मध्य प्रदेश में वर्ष वन क्षेत्र 1,55,414 वर्ग कि०मी० ही है और इस प्रकार इसमें कोई कमी नहीं हुई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

(घ) जी, हां ।

fficking of Processed Animal Produces through Delhi

7948. SHRI K. *M.* KHAN: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to certain news reports which, appeared during the second week of May, 1995, indicating that Delhi is fast emerging as a transit point for trafficking of processed animal products into the Inter-national market;
(B)if so, the details thereof;
(C) whether Government propose to take some effective steps in this regard; and